दिन– शुक्रवार

दिनांक– 02 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. मुम्बई में वेव्स शिखर सम्मेलन में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा – देश में कंटेंट और आइडिया की कोई कमी नहीं है। भारत मीडिया और इंटरटेनमेंट के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करने को तैयार है।

02. भारतीय निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची को प्रभावी और विश्वसनीय बनाने के लिए इसे जन्म–मृत्यु रजिस्टर से जोड़ने का निर्णय किया।

03. हज यात्रा के लिए गया से एक सौ पैंतालीस श्रद्धालुओं का पहला जत्था मदीना के लिए रवाना हुआ।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए देशभर से खिलाड़ियों के जत्थों का विभिन्न शहरों में पहुंचने का सिलसिला शुरू।

---

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश में कंटेंट और आइडिया की कोई कमी नहीं है। मुम्बई में वेव्स शिखर सम्मेलन में वैश्विक मीडिया संवाद को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस क्षमता को पहचाना है। वेव्स का मंच सभी से अपनी कहानी दुनिया के सामने रखने का उचित अवसर प्रदान करने का मंच है। उन्होंने स्थानीय सामग्री का प्रचार करने की आवश्यकता पर बल दिया। श्री वैष्णव ने कहा कि संस्कृति ही रचनात्मकता को प्रेरित करती है और यह सीमाओं के पार भी लोगों को जोड़ देती है। उन्होंने कहा कि सभी को ऐसी नीतियों का समर्थन करना चाहिए, जो सभी सांस्कृतिक रूपों को संरक्षित करें और बढ़ावा दें।

–––बाइट–––

विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी और परंपरा को मिलकर साथ–साथ चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी देश की अनमोल विरासत के बारे में जागरूकता को बढावा दे सकती है। डॉ. जयशंकर ने कहा कि यह युवा पीढि.यों के लिए चेतना को गहरा कर सकती है।

---

केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज कहा कि जाति जनगणना को अनुमति देकर प्रधानमंत्री ने सामाजिक न्याय को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई। वे राजस्थान के बीकानेर में कहा कि कांग्रेस के जाति जनगणना को लेकर लोग दो मुंही बाते करते हैं।

———बाइट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि जाति जनगणना को स्वीकृति देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साबित किया है कि वे सभी वर्ग के विकास का ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना कराने का निर्णय ऐतिहासिक है।

———बाइट———

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि जाति जनगणना सामाजिक ताने बाने को और मजबूत करेगा। वे पटना में संवाददाता से बातचीत कर रहे थे। राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा ने कहा है कि जाति जनगणना को अनुमति मिलना समाजवादी विचारधारा के लोगों की मांग की जीत है।

———बाइट———

जदयू की प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा ने आज समस्तीपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए जातीय जनगणना कराये जाने के निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया।

———बाइट———

---

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में सुधार लाने और मतदान प्रक्रिया को नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से उपाय शुरू किए हैं। आयोग अब मृत्यु पंजीकरण संबंधी आंकड़े भारत के महापंजीयक से सीधे इलेक्ट्रोनिक रूप में प्राप्त करेगा। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि मतदाता पंजीकरण अधिकारियों को पंजीकृत मौतों के बारे में समय पर सूचना मिल सके। इससे बूथ स्तर के अधिकारियों–बीएलओ को भी क्षेत्रीय दौरों के जरिए सूचना की पुनः जांच करने में

सुविधा होगी और उन्हें फॉर्म सात के अंतर्गत औपचारिक अनुरोध का इंतजार नहीं करना होगा। मतदाता सूचना पर्चियों को अधिक मतदाता–अनुकूल बनाने के लिए, आयोग ने उसके डिजाइन को संशोधित करने का निर्णय लिया है। मतदाता की क्रम संख्या और भाग संख्या अब अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी, जिसमें फ़ॉन्ट का आकार बढ़ाया जाएगा। इससे मतदाताओं के लिए अपने मतदान केंद्र की पहचान करना और मतदान अधिकारियों के लिए मतदाता सूची में उनके नामों को कुशलतापूर्वक खोजना आसान हो जाएगा। चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि ईआरओ द्वारा नियुक्त सभी बीएलओ को मानक फोटो पहचान पत्र जारी किए जाएं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि नागरिक मतदाता सत्यापन और पंजीकरण अभियान के दौरान बीएलओ को पहचान सकें और उनके साथ आत्मविश्वास से बातचीत कर सकें।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए किसी विशेष कंपनी की दवाईयां नहीं लिखने और सिर्फ जेनेरिक दवाईयां लिखने का आदेश दिया है। राजस्थान उच्च न्यायालय पहले ही यह आदेश दे चुका है। दवा कंपनियों की मनमानी से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यदि इस निर्णय का पूरे देश में पालन किया जाए तो इससे महत्वपूर्ण सुधार हो सकता है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बिहार राज्य हज समिति द्वारा पटना में आयोजित शुभकामना संदेश दुआइया मजलिस कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हज भवन में आयोजित कार्यक्रम में हज यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। हज यात्रियों का दल इसके बाद गया के लिए रवाना हो गया। गया पहुंचने पर भी उनका स्वागत किया गया। यहां गया हवाई अड्डे से उनसठ महिला सहित एक सौ पैंतालीस हज यात्रियों का जत्था मदीना के लिए रवाना हुआ।

---

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बताया कि खेलों के महाकुंभ खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारियों पूरी कर ली गयी हैं। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में उन्होंने कहा कि बिहार इस भव्य आयोजन का साक्षी बनेगा।

–––बाइट–––

खेल प्राधिकरण के महानिदेशक ने बताया कि बड़ी संख्या में खेल प्रतिभाएं इस आयोजन से निकलकर आयेंगी।

———बाइट———

---

खेलों का महाकुंभ खेलो इंडिया यूथ गेम्स चार मई से शुरू हो रहा है। इस महाआयोजन को लेकर प्रदेश में आयोजित गौरव मशाल यात्रा का आज संपन्न हो गयी। इसे लेकर पटना में कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही मशाल यात्रा ने राज्य के सभी अड़तीस जिलों का भ्रमण पूरा किया। इस यात्रा ने हजारों की संख्या में युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया और उनमें जोश भरने का काम किया। इस बीच, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। आज जम्मू कश्मीर से मार्शल आर्ट के खेल गतका की टीम गया पहुंची। दल का गया स्टेशन पर स्वागत किया गया। असम की महिला खिलाड़ियों की बॉलीबॉल टीम ने पटना पहुंचने पर आकाशवाणी समाचार से बातचीत की। टीम की खिलाड़ी प्रार्थना गोगोई ने टीम के अच्छे प्रदर्शन की आशा जताई।

———बाइट———

---

खेल आयोजन को लेकर युवा खिलाड़ियों में काफी उत्साह है।

———वॉक्सपॉप———

---

मुख्यंमत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा जिले के राजगीर में राजगीर खेल अकादमी–सह–खेल विश्वविद्यालय में नवनिर्मित खेल सुविधाओं का लोकार्पण किया। इधर, गया के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन ने तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

———बाइट———

---

रविवार को आकाशवाणी खेलो इंडिया यूथ गेम्स दो हजार पच्चीस के उद्‌घाटन समारोह की लाइव कमेंट्री करेगा। कार्यक्रम शाम पांच बजकर पचपन मिनट से शुरू होगा और शाम साढे सातबजे तक या समारोह के अंत तक जारी रहेगा। यह न्यूज़ ऑन एयर ऐप, प्रसार भारती स्पोर्ट्स यूट्यूब चैनल और डीटीएच पर उपलब्ध होगा।

---

पटना के जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में खेलो इण्डिया यूथ गेम्स– दो हजार पच्चीस के आयोजन से पूर्व व्यापक प्रचार–प्रसार और जन–जागरूकता हेतु आज सुबह शहीद स्मारक से ईको पार्क तक गौरव मशाल यात्रा परेड का आयोजन किया गया। यह टॉर्च चार मई को प्रतियोगिता के उद्‌घाटन के अवसर पर पाटलिपुत्र खेल परिसर में पहुँचेगी।

---

पटना स्थित विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रूस्तम ने आज भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपी पटना सचिवालय ट्रेजरी के पूर्व सहायक अनूप कुमार त्रिवेद्वी को तीन हजार रूपये रिश्वत लेने के आरोप को सत्य पाकर एक वर्ष सश्रम कारावास और दस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मुम्बई में वेव्स शिखर सम्मेलन में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा – देश में कंटेंट और आइडिया की कोई कमी नहीं है। भारत मीडिया और इंटरटेनमेंट के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करने को तैयार है।

02. भारतीय निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची को प्रभावी और विश्वसनीय बनाने के लिए इसे जन्म–मृत्यु रजिस्टर से जोड़ने का निर्णय किया।

03. हज यात्रा के लिए गया से एक सौ पैंतालीस श्रद्धालुओं का पहला जत्था मदीना के लिए रवाना हुआ।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए देशभर से खिलाड़ियों के जत्थों का विभिन्न शहरों में पहुंचने का सिलसिला शुरू।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।